दैनिक भास्कर

लुधियाना-चंडीगढ़, मंगलवार 23 मई , 2017

# महारानी सतिंदर कौर स्कूल का बारहवीं का नतीजा अव्वल







चमकौर साहिब| महारानी सततिंदर कौर माडर्न सीनियर सेकंडरी स्कूल बेला का 12वीं कक्षा का नतीजा शानदार रहा है। प्रिंसिपल बलविंदर कौर ने बताया कि साइंस ग्रुप के सभी बच्चे पहला स्थान लेकर पास हुए हैं और इनमें सिमरनजीत कौर जटाणा ने 80 फीसदी अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान लिया। आर्ट्स ग्रुप में लवप्रीत सिंह ने पहला स्थान लिया। इस शानदार नतीजा आने पर स्कूल के मैनेजर सुखविंदर सिंह विस्की, सीनियर उपाध्यक्ष संगत सिंह लौंगीया, सचिव दविंदर सिंह जटाणा, ज्ञान सिंह बेला, उप प्रिंसिपल राजिंदर कौर जटाणा ने समूह स्टाफ व बच्चों को बधाई दी है।